# नकली सोने-चांदी के आभूषण बेचने वाले राजस्थान से गिरफ्तार

## अंतर्राज्यीय गिरोह के 9 सदस्य को पुलिस ने पकड़ा



नवभारत न्यूज

**पन्ना,23 दिसंबर। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडूके निर्देशन में पन्ना पुलिस द्वारा थाना सलेहा के अप.क्र. 231/25 धारा 318 बी एन एस में फरियादी के साथ धोखाधड़ी करने वाले अंत्तर्राज्यीय गिरोह के 09 सक्रिय सदस्यो को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है।**

एसपी पन्ना श्रीमती नायडू ने पत्रकार वार्ता मे जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 22 जुलाई को फरियादी अनिल गुप्ता पिता रतनलाल गुप्ता, उम्र 35 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 12, सलेहाद्वारा थाना सलेहा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 10 जुलाई को एक व्यक्ति मेरी दुकान में आया जिसने अपना नामकैलाश कुमार निवासी राजस्थान का होना बताया उक्त व्यक्ति द्वारा मुझसे कहा गया कि मेरे पास एक सोने की माला है जिसे मैं बेचना चाहता हूँ अगर तुम चाहो तो किसी सोने चाँदी की दुकान से सोने का परीक्षण करवा सकते हो इसके बाद उस व्यक्ति द्वारा माला से एक गुरिया निकालकर परीक्षण कराने हेतु मुझे देकर मेरा फोन नम्बर ले लिया गया था ।मेरे द्वारा उक्त सोने की गुरिया का सत्यापन कराया गया जो वास्तव में सोना था। मैने विश्वास में आकर उक्त व्यक्ति से संपर्क किया जो उक्त व्यक्ति द्वारा दिनांक13 जुलाई को मुझे गुनौर बुलाकर माला का सौदा 07 लाख रुपये में तय हुआ। तय राशि में से उसके द्वारा तत्काल 03 लाख रुपयेलेकर शेष राशि बाद में देने को कहा गया मेरे द्वारा पैसो की व्यवस्था करने हेतु समय की माँग किये जाने पर उस व्यक्ति द्वारा शाम को पन्ना बुलाया गया। मैं पैसो की व्यवस्था करके पन्ना पहुँचा तो कैलास मुझे पन्ना मे मिला जिसने मुझसे पैसा लेकर कहा कि तुम रूको मैं माला लेकर आता हूँ । काफी देर बाद जब कैलाश नही आया तो मैने उसे फोन लगाया लेकिन कैलाश का फोन बंद आ रहा था। इस तरीके से उक्त व्यक्ति द्वारा मेरे साथ 03 लाख रूपयो की धोखाधड़ी कारित की गई। पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम द्वारा मामले में 09 आरोपियों जगदीश सोलंकी पिता केसाराम सोलंकी उम्र 29 वर्ष निवासी थूरथाना रामसिंह जिला जलोद राजस्थान, लक्ष्मण सोलंकीपिता मानसाराम सोलंकीउम्र 35 वर्षनिवासी बीबलसरथाना बागराजिला जालोर राजस्थान, .पिटाराम पिता बालाराम सोलंकी उम्र 32 साल निवासी ग्राम तूर थाना रामसिंह जिला जलोद राजस्थान, पुजाराम पिता रामराम राठौर उम्र 50 साल निवासी उम्मेदाबाद थाना बिशनगढ़ जिला जलोढ राजस्थान, परसा राम पिता दयाराम सांकला उम्र 36 निवासी सिकोड़ा थाना रामसिंह जिला जलोद राजस्थान, कालूराम पिता आशाराम सोलंकी उम्र 42 साल निवासी थूर थाना रामसिंह जिला जलोंद राजस्थान, सुनील पिता ननबा बागड़े उम्र 44 साल निवासी खेमपुर थाना प्रताप नगर जिला उदयपुर राजस्थान, अजय बागड़े पिता सुनील 18 साल निवासी खेमपुर थाना प्रतापनगर जिला उदयपुर, राजस्थान, शंकर राठौड़ पिता पदमाराम राठौड़ 20 साल निवासी उम्मेदाबाद थाना बिशनगढ़ जिला जलोढ राजस्थान को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई जो आरोपियों द्वारा पुलिस टीम को बताया गया कि हम लोगो द्वारा सलेहा क्षेत्र में फरियादी अनिल गुप्ता को असली सोने की माला 07 लाख रुपयेमें बेचने का सौदा तय करके अनिल गुप्ता से पन्ना में 03 लाख रुपये नगद प्राप्त करमाला लाने का बहाना बनाकर फरार हो गये थे। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बताये अनुसार आरोपियों के कब्जे से नगद 01 लाख 22 हजार रूपये, घटना में प्रयुक्त 04 मोटर साइकिल वाहन कीमती करीब 3 लाख 20 हजार रूपये, 10 मोबाइल कीमती करीब 97500 रूपये एवं नकली सोने चाँदी धातु जैसे आभूषण वजनी करीब 3 किलो 680 ग्राम एवं असली सोना वजनी करीब 60 मिलीग्राम कीमती करीब 5000 सहित कुल मशरूका कीमती करीब 5 लाख 44 हजार 500 रूपये का जप्त किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



# जंगली सुअर के हमले में घायल किशोर को वन विभाग दी सहायता राशि

नवभारत न्यूज

**पन्ना 23 दिसंबर। दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत रैपुरा रेंज में कोहाड़ोल तालाब के पास जंगली सूअर के हमले में एक किशोर घायल हो गया।**

जानकारी के अनुसार राजकुमार वर्मन (16 वर्ष), पिता बीरान वर्मन, अपने पिता को खेतों की ओर खाना देने गया था, जहां वे बकरी चरा रहे थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे जंगली सूअर ने अचानक हमला कर दिया, जिससे किशोर के दाहिने पैर की जांघ में गहरा घाव हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद सूअर को भगाया गया और घायल किशोर को तत्काल उपचार के लिए रैपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए बीट गार्ड रैपुरा प्रेमशंकर सिंह मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को त्वरित सहायता राशि प्रदान की गई। प्राथमिक उपचार के उपरांत किशोर की स्थिति स्थिर पाई गई और उसे घर भेज दिया गया।

# सीएम के प्रस्तावित भ्रमण को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

नवभारत न्यूज

**पन्ना 23 दिसंबर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का शनिवार, 27 दिसम्बर को पन्ना का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना के खेल मैदान में नवीन चिकित्सा महाविद्यालय का भूमिपूजन करेंगे।**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार द्वारा मुख्यमंत्री के आगमन के दृष्टिगत अधिकारियों को कानून, सुरक्षा एवं सत्कार सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम स्थल की संपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि कानून व्यवस्था के संपूर्ण जिला प्रभारी का दायित्व अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे को सौंपा गया है। इसी तरह अन्य जरूरी प्रबंध के लिए भी अधिकारियों को जिम्मेवारी दी गई है। कानून व्यवस्था के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं, जिसके तहत हेलीपैड स्थल पुलिस लाइन पन्ना में एसडीएम रामनिवास चैधरी एवं प्रभारी नायब तहसीलदार राजेश मेहरा, कार्यक्रम स्थल पर संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र सिंह धुर्वे एवं एसडीएम आलोक मार्को, मंच पर एसडीएम समीक्षा जैन, सर्किट हाउस में नायब तहसीलदार शशिकांत दुबे तथा ग्रीन रूम में कानून व्यवस्था का दायित्व प्रभारी नायब तहसीलदार संतोष कुमार अरिहा को सौंपा गया है। इसी तरह सेफ हाउस में संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम एवं प्रभारी तहसीलदार ज्योति राजपूत, मीडिया सेक्टर में नायब तहसीलदार सुमित तिवारी, महिला सेक्टर क्रमांक 1 एवं 2 में क्रमशः प्रभारी तहसीलदार कोमल सिंह एवं रत्नराशि पाण्डेय तथा पुरूष सेक्टर क्रमांक 1 एवं 2 में क्रमशः प्रभारी तहसीलदार त्रिलोक सिंह पूषाम एवं प्रभारी नायब तहसीलदार हेमंत अवधिया को कानून व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है।

# राष्ट्रीय किसान दिवस पर ब्रह्माकुमारी संस्था ने किया किसानों का सम्मान



नवभारत न्यूज

**पन्ना 23 दिसंबर। राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी विद्यालय पन्ना के द्वारा देवेंद्रनगर में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर बहन ने सभी को आज के दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और हमारी अर्थव्यवस्था का आधार कृषि उत्पादकता है।**

उन्होंने किसानों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि राष्ट्र को सुखी और समृद्ध बनाने के लिए किसानों का सशक्तिकरण जरूरी है किसान हमारे देश की शान है बहन जी ने कहा कि आध्यात्मिकता के माध्यम से किसानों के अंतर मन को शुद्ध करना आवश्यक है मेडिटेशन और ध्यान के अभ्यास से व्यक्ति में सद्भावना,आत्मविश्वास और हिम्मत जैसे मानवीय मूल्य जागृत होते है, आपने यौगिक खेती पर जोर डालते हुए कहा की यौगिक खेती हमें जीवन जीने की कला सिखाती है जिसके द्वारा अनेकों किसानों ने अपना जीवन परिवर्तन किया है इससे उन्होंने व्यसनों, गलत संस्कारों,सामाजिक कुरीतियों तथा कर्ज से मुक्त होकर फिर से अपना खोया हुआ आत्मसम्मान प्राप्त किया है इस योजना के माध्यम से अन्न वा मन की शुद्धता द्वारा श्रेष्ठ सुखमय समाज का निर्माण संभव है इससे हमारा भारत फिर से स्वर्णिम भारत बनेगा, आपने आगे कहा कि गांव का मुख्य व्यवसाय कृषि है, आज कृषि के द्वारा समाज के अंदर समस्याएं पैदा हो रही हैं हम सब ऐसा विषैला अन्य खा रहे हैं जिससे अनेक प्रकार के रोग और अकाल मृत्यु हो रही है इससे बचने के लिए हमें अपनी खेती को सकारात्मक एवं स्वच्छ विचारों के आधार से स्वच्छ और सात्विक अन्न उत्पादन करें जब हम यौगिक खेती और सात्विक जीवन शैली अपनाते हैं तब हम अपने शुभ वाइब्रेशन प्रकृति को देंगे तो प्रकृति भी जल्दी ही सात्विक बन जाएगी।



# मोबाइल रिकवरी के मामले में पन्ना प्रदेश में प्रथम

नवभारत न्यूज

**पन्ना 23 दिसंबर। पन्ना पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन की शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए पिछले दो महीनों में कुल 615 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत करीबन 01 करोड़ रुपये है को खोजकर संबंधित आवेदकों को वापस किए गए हैं।**

यह महत्वपूर्ण उपलब्धि सी.ई.आई.आर. पोर्टल के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर हासिल की गई। विभिन्न राज्यों - उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान सहित मध्यप्रदेश के कई जिलों से मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए। एसपी पन्ना द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सीईआईआर पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग कर गुम मोबाइल की खोज में तेजी लाने के निर्देश दिए गए थे।

# एसआईआर अभियान को आंदोलन बनाकर हर कार्यकर्ता मैदान में उतरे : आशीष



नवभारत न्यूज

**पन्ना 23 दिसंबर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एवं एस आई आर के जिला संयोजक आशीष तिवारी ने पवई में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार के सफल 2 वर्ष पूर्ण हो गये है हमारी सरकार के यह 2 वर्ष उपलब्धि पूर्ण रहें हमसब की सरकार की योजनाओं को जन-जन तक ले जाने मे अहम भूमिका है।**

सरकार की हर एक योजना का लाभ गरीबों वंचितों को मिले यह हम सबकी जिम्मेदारी है। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर का पहला चरण समापन की ओर है और आने वाले कुछ दिन अत्यंत निर्णायक हैं। पार्टी का मुख्य लक्ष्य मतदाता सूची का शत-प्रतिशत शुद्धिकरण है इसलिए कार्यकर्ताओं को घर-घर पहुँचकर तथा वार्ड स्तर पर टीम बनाकर कार्य करना है। जहाँ भी बाहरी या संदेहास्पद मतदाता दिखाई दें, वहाँ तुरंत औपचारिक शिकायत दर्ज कराई जाए ताकि सूची पूर्ण रूप से पारदर्शी और विश्वसनीय बने। सभी कार्यकर्ता अंतिम चरण तक पूरी सतर्कता, समर्पण और ऊर्जा के साथ फील्ड में सक्रिय रहें, ताकि पार्टी का लक्ष्य पूर्ण सफलता के साथ प्राप्त हो सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के विकसित भारत के सपने को साकार कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे सिंह पवई विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गुड्डू चैबे द्वारा किया गया।

# वछोंन के ग्रामीणों ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**पवई/पन्ना 23 दिसंबर। मंगलवार को आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत वछोंन के आधा सैकड़ा लोग जनपद पंचायत पवई पहुंचे और ग्राम पंचायत में व्याप्त अनिमितताओं को लेकर 8 सूत्रीय ज्ञापन जनपद अध्यक्ष व तहसीलदार त्रिलोक सिंह को सोपा गया है।**

जिसमें ग्राम पंचायत वछोंन के रोजगार सहायक द्वारा की जा रही अनिमितताओं, बच्चों के आधार कार्ड न बन पाना, बड़े बुजुर्गों के नाम एसआईआर में ना जुड़ पाना, इसी तरह वन विभाग द्वारा मशीनों से कार्य कराते हुए ग्राम वासियों को कार्य न दिए जाने सहित अन्य समस्याओं का उल्लेख किया गया है ज्ञापन लेने के बाद जनपद अध्यक्ष मोहिनी मिश्रा ने कहा कि विभिन्न ग्राम पंचायतों से आने वाली समस्याओं को मेरे द्वारा निराकरण हेतु जिला पंचायत पन्ना भेजा जाता है किन्तु आज दिनांक तक किसी भी समस्या का निराकरण जिला पंचायत से नही किया गया है अब यह समस्याओं का ज्ञापन भी मै जिला पंचायत पन्ना को भेजूंगी और सात दिवस में जिला पंचायत पन्ना द्वारा यदि कार्रवाई नहीं की जाती है तो मैं भी आप लोगों के साथ धरने पर बैठकर आंदोलन करूंगी ,इस मौके पर जनपद उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह ग्राम पंचायत वछोंन सरपंच सहित आधा सैकड़ा ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# जेके सीमेंट कंपनी ने किया टीबी मरीजों को 200 निक्षय पोषण किट का वितरण





नवभारत न्यूज

**पन्ना 23 दिसंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान के संकल्प को सफल बनाने हेतु देशव्यापी टीबी मुक्तर अभियान का आयोजन प्रत्येक जिले में युद्धस्तर पर किया जा रहा है।**

अभियान को चिकित्सीय दायित्व के साथ सामाजिक जिम्मेंदारी, जागरूकता एवं समरसता से जोडकर सफल बनाने हेतु कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में स्थापित जेके सीमेंट कंपनी द्वारा सीएसआर फंड से टीबी मरीजो को 200 निक्षय पोषण किट के साथ गर्म कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पन्ना के परिसर में किया गया।

कार्यक्रम में सासंद विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति मीना राजे परमार की उपस्थिति रही। प्रशासनिक अधिकारियो कलेक्टर पन्ना श्रीमति उषा परमार, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, जिला पंचायत सीईओ, जेके सीमेंट सीएसआर प्रमुख मनीष शर्मा की भी उपस्थिति रही। सासंद एवं विधायक द्वारा समस्त मरीजो को पोषण किट वितरित करते हुए कहा कि 'नर सेवा ही नारायण सेवा' है सम्मिलित प्रयासो से निश्चित ही हम टीबी मुक्त भारत अभियान के संकल्प को सफल बनाएग.

` इस दौरान समस्त मरीजो को नियमित दवा का सेवन करने, पोषण युक्त आहार लेने एवं नियमित जॉच कराने के विशेष आग्रह के साथ समझाइश दी गई साथ ही जनहित के लिए इस प्रकार के आयोजनो की सराहना करते हुए जेके सीमेंट कंपनी का आभार व्यक्त किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर पी तिवारी द्वारा टीबी के इलाज में पोषण युक्त आहार के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में जिला क्षय अधिकारी डॉ जीतेन्द्र यादव, स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, मीडिया बंधु उपस्थित रहे।

# ईव्हीएम वेयरहाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**पन्ना 23 दिसंबर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऊषा परमार ने मंगलवार को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया।**

इस मौके पर गोदाम के आंतरिक एवं बाह्य परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अतुल एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे भी उपस्थित रहे।

# आवेदकों के खातों में 01 करोड़ 13 लाख 68 हजार 198 रुपये वापस कराए गए

**पन्ना 23 दिसंबर।** वर्ष 2025 में पुलिस सायबर सेल पन्ना द्वारा ऑनलाइन फ्रॉड की विभिन्न शिकायतों पर की गई कार्यवाही के अंतर्गत कुल 01 करोड़ 13 लाख 68 हजार 198 रुपये आवेदकों के बैंक खातों में वापस कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त, अलग-अलग शिकायतों में फ्रॉड करने वाले व्यक्तियों के 1122 विभिन्न म्यूल बैंक खातों में लगभग 08 करोड़ रुपये की राशि होल्ड लगवाकर फ्रीज कराई गई है।

सायबर सेल पन्ना द्वारा वर्ष 2025 में अलग-अलग शिकायतों में आवेदकों के साथ हुई धोखाधड़ी से आहरित राशि में से 01 करोड़13 लाख 68 हजार 198 रुपये आवेदकों के बैंक खातों में वापस कराए गए हैं। साथ ही सायबर सेल टीम द्वारा फ्रॉड में इस्तेमाल किए गए अलग-अलग व्यक्तियों के 1122 म्यूल बैंक खातों में होल्ड लगवाकर करीब 08 करोड़ रुपये की राशि फ्रीज कराई गई है।

संबंधित शिकायतों में आगे की कार्यवाही जारी है। आवेदकों के खातों से फर्जी तरीके से आहरित राशि को वापस कराने में सायबर सेल टीम के प्र.आर. राहुल सिंह बघेल, आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र सिंह राजावत, आर. राहुल पाण्डेय, नितिन एवं उपेन्द्र का सराहनीय योगदान रहा है।

# बीएमओ के बंद कराने के बावजूद झोलाछाप डॉक्टर की दुकान चालू





नवभारत न्यूज

**देवेन्द्रनगर/पन्ना 23 दिसंबर। पन्ना जिले मे तहसील एवं गांवों में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार हैं जिनके द्वारा फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा हैं।**

ऐसा ही एक मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर का आया हैं जहां देवेंद्रनगर थाना के चंद कदमों की दूरी पर जहां अस्पताल में कार्यरत नर्स, कंपाउंडर भी रहते हैं उसके बाबजूद भी हरिओम तिवारी देवेंद्रनगर के मकान में झोलाछाप महिला द्वारा अपने पति के साथ मिलकर आर्युवेदिक दवाखाना खोलकर अपने आप को नारी वैध विशेषज्ञ बनकर धड़ल्ले से पीड़ित मरीजों का इलाज किया जा रहा था। लगभग 7 माह से हर महीने की 9 एवं 23 तारीख को आकर 100 रुपए से लेकर 300 रुपए तक 15 दिन की दवाई के रजिस्ट्रेशन के तौर पर वसूली की जा रही थी। स्थानीय लोगों द्वारा जब महिला से इस संबंध में पूंछताँछ की गई लेकिन सही उत्तर न देने पर इसकी लिखित सूचना मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी देवेंद्रनगर को दी गई।

सूचना पर डॉ अभिषेक जैन ने टीम गठित कर आर्युवेदिक दवाखाना का निरीक्षण किया। महिला से नाम पता व डिग्री की जानकारी ली। महिला द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। एवं मौके पर चूर्ण से बनी हुई बिना नाम रैपर की दवाइयां देते हुए पाई गई।

मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा दुकान को बंद करने को बोला। महिला द्वारा वहां से दुकान बंद करने के बाद भी बस स्टैंड में धड़ल्ले से अवैध दवाखाना संचालित कर रही है।

# उड़ीसा से गांजा की तस्करी करने वाले गिरफ्तार

## तीन गांजा तस्करों से 5 लाख कीमत का 18 किलो गांजा जब्त



नवभारत न्यूज

**पन्ना 23 दिसंबर। पन्ना एवं गुनौर थाना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के विरुद्ध की गई प्रभावी कार्यवाही में उड़ीसा से गांजा लाकर पन्ना जिले में विक्रय करने वाले 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 18 किलो 48 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 04 लाख 50 हजार रुपये, एवं परिवहन में प्रयुक्त एक बिना नम्बर की मोटरसाइकिल जप्त की गई है।**

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक एक व्यक्ति उडीसा तरफ से गांजा विक्रय करने हेतु पन्ना आता है। पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए पन्ना-अजयगढ़ मार्ग से एक संदिग्ध व्यक्ति को अभिरक्षा में लिया गया, जिसके पास दो थैले थे। पूछताछ पर उसने अपना नाम टिकेश्वर कालसे पिता बोना कालसे, उम्र 40 वर्ष, निवासी भांजीवाड़ा, जिला बौध (उड़ीसा) बताया। थैलों की तलाशी लेने पर खाकी रंग के टेप से पैक 18 पैकेट, एक बोतल तथा एक प्लास्टिक का डिब्बा मिला। जांच करने पर इनमें कुल 12 किलो 508 ग्राम अवैध मादक पदार्थ सूखा गांजा पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गांजा उड़ीसा से सस्ते दामों में विक्रय हेतु लाया गया था। इसी प्रकार एक अन्य मामले मे थाना गुनौर निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दो संदिग्ध व्यक्ति बिना नम्बर की मोटरसाइकिल से बराछ की ओर से गुनौर आ रहे हैं, जिनके पास एक बैग है, जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा है। कुछ समय बाद मुखबिर द्वारा बताए हुलिए की मोटरसाइकिल आते दिखी, जिस पर दो व्यक्ति सवार थे और बीच में एक बैग रखा था। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम हरिशंकर पटेल पिता बंदी पटेल, उम्र 24 वर्ष, खुमान उर्फ हल्के पटेल पिता गोरेलाल पटेल, उम्र 42 वर्ष, दोनों निवासी झमटुली, थाना बमीठा, जिला छतरपुर बताया। मोटरसाइकिल की तलाशी लेने पर बीच में रखा बैग मिला, जिसमें खाकी रंग के टेप से लिपटे पैकेट पाए गए। जांच करने पर उनमें 05 किलो 540 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया।